ई.सी.ओ–11

बी.कॉम(A&F)
बी.कॉम(F &CA)
के लिए भी

स्नातकउपाधि कार्यक्रम
(बी.डी.पी.)

सत्रीय कार्य
2022–23

वाणिज्य में ऐच्छिक पाठ्यक्रम
ई.सी.ओ.–11 : आयकर के मूल तत्व

जुलाई 2022 तथा जनवरी 2023 प्रवेश सत्र के लिए

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नईदिल्ली–110068

वाणिज्य में ऐच्छिक पाठ्यक्रम

ई.सी.ओ. – 11 : आयकर के मूल तत्व

सत्रीय कार्य – 2022–23

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस कार्यक्रम में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य आपको एक साथ भेजे जा रहे हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30%अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

यह सत्रीय कार्य दो प्रवेश सत्र अर्थात् **(जुलाई 2022 और जनवरी 2023)** के लिए वैध है, इसकी वैधता निम्नलिखित है :–

1. जो **जुलाई 2022,** में पंजीकृत है उनकी वैधता **जून 2023** तक है।

2. जो **जनवरी 2023,** में पंजीकृत है उनकी वैधता **दिसम्बर 2023** तक है।

यदि आप जून सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो इन्हें **15 मार्च** तक अवश्य जमा कर दें। यदि आप दिसम्बर सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो आपके लिए आवश्यक है कि आप इसे **15 सितम्बर** तक अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा कर दें।

अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	**:**	**ई. सी. ओ. -11**
पाठ्यक्रम का शीर्षक	**:**	**आयकर के मूल तत्व**
सत्रीय कार्य का कोड	**:**	**ई. सी. ओ. -11/टी. एम. ए./ 2022-2023**
खण्डों की संख्या	**:**	**सभी खण्ड**

अधिकतम अंक :100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. (क) निवास के आधार पर निर्धारितियों को किन – किन श्रेणियों में बाँटा जाता है ? (10+10)

(ख) श्री संजीव एक संस्था में कार्यरत हैं उनका मूल वेतन रूपए 6,000 प्रतिमाह तथा मंहगाई भत्ता मूल वेतन का 10% है पूरे वर्ष के लिए बिक्री पर एक निश्चित प्रतिशत से कमीशन आधारित है जो कि रूपए 25,000 है उन्हें रु. 1200 प्रतिमाह मकान किराया भत्ता मिलता है तथा वह रु. 1,000 प्रतिमाह किराए का भुगतान करते है मकान लखनऊ में है कर योग्य मकान किराए भत्ते की राशि की गणना कीजिए।

2. (क) सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों को मिले हुए किराया मुक्त आवास के मूल्यांकन से संबंधित वेतन में क्या शामिल नहीं किया जाता ? (10+10)

(ख) यदि मकान गतवर्ष में कुछ समय के लिये किराये पर उठाया गया हो तथा शेष समय में स्वामी द्वारा स्वयं के रिहायश के लिए प्रयोग किया गया हो तो वार्षिक मूल्य कैसे निकाला जायेगा?

3. एक निवासी व्यक्ति मिस्टर तरुण 31 मार्च 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए अपनी आय का निम्न विवरण प्रस्तुत करता है: **(**20)

(i) कोयले की खान से रोयल्टी की आय 20,000 रु.।
(ii) पाकिस्तान में कृषि आय 15,000 रु.।
(iii) एक वर्ष में अर्धकालीन सेवा के लिए वेतन 21,000 रु.।
(iv)संसद सदस्य के रूप में वेतन 36,000 रु.।
(v) संसद सदस्य के रूप में दैनिक भत्ता 15,000 रु.।
(vi)उसने रिहायशी मकान 1,000 रु. प्रतिमाह के किराये पर लिया जिसमे से आधा भाग 1,200 रु. प्रतिमाह पर पुन: किराये पर उठा दिया।
(vii) एक सहकारी समिति से प्राप्त लाभांश 5,000 रु.।
(viii) उसने निम्न व्यय किये:
क) लाभांश संग्रह करने के लिए 100 रु. संग्रह व्यय का भुगतान किया।
ख) रायल्टी की आय कमाने और संग्रह करने पर 3,000 व्यय किये।
ग) कर निर्धारण वर्ष 2022-23 के लिए मिस्टर तरुण की आय के अन्य स्त्रोत की गणना कीजिए।

4. (क) एक करदाता की निम्न सूचनाओं से कर निर्धारण वर्ष 2022 -23 के लिए कुल आय की गणना कीजिए। (20)

(i) वेतन रु. 40,000 प्रतिमाह

(ii) महंगाई भत्ता रु. 1200 प्रतिमाह

(iii) वह अपने वेतन तथा मंहगाई भत्ते का 20 प्रतिशत प्रमाणित भविष्य निधि में देता है।

(iv) कर्मचारी का वेतन एवं मंहगाई भत्ते का 14 प्रतिशत अंशदान

(v) मकान से प्राप्त किराया रु. 12,000 प्रतिमाह।

(vi) एक भारतीय कंपनी से प्राप्त ब्याज रु. 37,200 (सकल)

(vii) जीवन बीमा प्रीमियम का भुगतान रु. 4,000

(ख) राजनीतिक दलों की आय को कर छूट के संबंध में आयकर अधिनियम के प्रावधानों का वर्णन कीजिए।

5. निम्नलिखित पर संक्षिप्त में टिप्पणीयां लिखिए : (4X5)

(क) कर निर्धारण वर्ष

(ख) सुधार करने की लागत

(ग) अनुलाभ

(घ) अवयस्क संतान (बच्चे) की आय